कार्यवाही

25000 की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा, लोकायुक्त को प्राप्त शिकायत पर संज्ञान लेते हुए की कार्यवाही

# नगर पालिका का लिपिक रिश्वत लेते रंगे हाथ धराया



**नवभारत/ नरसिंहपुर.** जबलपुर की लोकायुक्त पुलिस की टीम ने आज नगर पालिका परिषद नरसिंहपुर में कार्यरत लिपिक संजय कुमार तिवारी को 25000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा, लोकायुक्त को प्राप्त शिकायत पर संज्ञान लेते हुए यह कार्यवाही की गई है।

### यह है पूरा मामला

संजय कुमार तिवारी द्वारा ठेकेदार से कार्य के भुगतान के बदले यह रिश्वत ले रहा था, इस संबंध में लोकायुक्त एसपी अंजुलता पटले ने बताया कि भीष्म नारायण सिंह राजपूत निवासी शांति नगर दमोह नाका जबलपुर ने पेवर ब्लॉक कार्य का भुगतान प्राप्त होने के बाद उनकी एफडीआर और बैंक गारंटी वापस लौटाने के लिए आवेदन किया. जिसके बदले लिपिक संजय कुमार तिवारी 52000 की मांग कर रहा था. आपसी बातचीत के दौरान यह सौदा 38000 में तय हुआ. इसके बाद भीष्मनारायण सिंह ने मामले की शिकायत लोकायुक्त एसपी अंजुलता पटेल से की. फिर आज आफिस पहुंचकर रिश्वत की पहली किश्त 25 हजार रुपए बाबू संजय कुमार तिवारी को दी, तभी लोकायुक्त टीम ने दबिश देकर संजय को रंगे हाथ पकड़ लिया।

### आग की तरह फैली ट्रैप की खबर

लोकायुक्त टीम के हत्थे चढ़ते ही बाबू स्तब्ध रह गया, वहीं आफिस में यह खबर आग की तरह फैल गई, देखते ही देखते आफिस के अन्य कर्मचारी एकत्र हो गए, जिनके बीच तरह तरह की चर्चाएं व्याप्त रही आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 संशोधित 2018 की धाराओं 7, 13,1, और 13,2 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है. इस कार्यवाही में निरीक्षक राहुल गजभिए और निरीक्षक बृज मोहन सिंह नरवरिया सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

### इनका कहना है

लिपिक संजय कुमार तिवारी के विरुद्ध शिकायत दी थी जिस पर कार्यवाही करते हुए लिपिक संजय कुमार तिवारी को रंगे हाथों पकड़ा गया।

**-भीष्म नारायण सिंह**
दमोह निवासी

## विनोद चौकसे पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त

**नवभारत/साईखेड़ा।** पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने और ग्रामीण जनप्रतिनिधियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने के उद्देश्य से कार्य कर रहे पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन ने अपनी मध्य प्रदेश इकाई का विस्तार किया है। संगठन के शीर्ष नेतृत्व ने साईखेड़ा के वरिष्ठ समाजसेवी व निर्भीक पत्रकार विनोद चौकसे की कार्यकुशलता को देखते हुए उन्हें मध्य प्रदेश का प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। शीर्ष नेतृत्व ने जताया भरोसा संगठन के राष्ट्रीय व प्रादेशिक नेतृत्व ने विनोद चौकसे के नाम पर अपनी मुहर लगाई है। जानकारी के अनुसार, संगठन के अध्यक्ष दयाराम राय राष्ट्रीय महासचिव अरुण कुमार एवं राष्ट्रीय सचिव कृष्ण पाल सिंह की आपसी सहमति और अनुशंसा पर यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन को उम्मीद है कि विनोद चौकसे के अनुभव से संगठन का प्रचार-प्रसार प्रदेश स्तर पर और अधिक प्रभावी होगा। विनोद चौकसे लंबे समय से पत्रकारिता के माध्यम से जनहित के मुद्दों को उठाते रहे हैं। साथ ही, एक समाजसेवी के रूप में उनकी पहचान क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के लिए संघर्ष करने वाले व्यक्तित्व की रही है। उनकी इसी सक्रियता को देखते हुए।

## श्री हनुमान मंदिर दादा दरबार से चांदी का मुकुट और दो छत्र ले गये चोर



**नवभारत/नरसिंहपुर/ तेंदूखेड़ा।** विगत मंगलवार बुधवार की दरमियानी रात में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर तेंदूखेड़ा के हृदय स्थल गांधी चौक के सामने तरफ विराजमान श्री राम रसिया हनुमान मंदिर दादा दरबार से स्वयं संकटमोचक हनुमान जी महाराज के लगभग साढ़े सौ ग्राम एक मुकुट और दो छत्र उतारकर ले गये। साथ ही दान पेटी से हजार रुपए के लगभग चिल्लर निकाल कर ले गए हैं।मंदिर के चैनल गेट का ताला तोड़कर भीतर घुसे चोरों ने पुराने थाने परिसर से दीवाल फांदकर भीतर पहुंचे और फिर उसी रास्ते से बाहर निकल कर चंपत हो गये हैं। इसके पूर्व सी सी टी वी फुटेज में कैद हुए दो चोर मंडी रोड स्थित श्री सुब्रत नाथ भगवान नवीन दिगम्बर जैन मंदिर में घुसे और ताले तोड़कर भीतर गये वहां भी तालै तोड़ने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हुए भीतर तल घरा में भी गये लेकिन वापस लौट गये। वहीं से वापस आने के बाद ही हनुमान मंदिर में चोरी घटना को अंजाम दिया।इस चोरी की घटना के बाद से संपूर्ण क्षेत्र में रोष व्याप्त है। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस बल भी हर एंगिल से चोरों को पकड़ने की दिशा में साक्ष्यों को एकत्रित कर रही है। घटना की जानकारी लगते ही तेंदूखेड़ा एस डी ओ पी ने पुलिस बल के माध्यम से अपने सभी अधीनस्थ अधिकारियों के सहयोग से हर बिंदु पर पैनी नजर बनाए हुए हैं वहीं फिंगरप्रिंट और डाग स्क्वायड और साइबर सेल टीम को बुलाकर हर साक्ष्य पर सर्च किया जा रहा है। दोपहर में एडिशनल एसपी संदीप भूरिया भी हनुमान मंदिर जैन मंदिर पहुंचे और घटना की सूक्ष्मता से जानकारी ली गई। उन्होंने भरोसा दिलाया है कि पुलिस पूरी ताकत के साथ इस घटना की जानकारी जुटाने में संलग्न बनीं हुई है।

### दो दिन पूर्व से टूट रहे थे ताले

नगर में पिछले दो दिनों से ताले टूटने की घटनाएं जारी थी। लेकिन इन घटनाओं को संजीदगी से लिया जाता तो शायद इन चोरियों की बारदाते भी नहीं हो पाती। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 06 में रहने वाले राजाराम कांकर के यहां ताले टूटने के साथ मोदी पेट्रोल पंप के पीछे तरफ कालौनी में भी ताले टूटने की घटनाएं घटित हुई यहां तक कि एन एस 45 शिवाय होटल के सामने तरफ एक हवा भरने वाली एक दुकान का कंप्रेशर और सामग्री भी चोरी गई हुई है। इनकी सूचना भी पुलिस थाने में दर्ज कराई गई है। लेकिन अल्प पुलिस कर्मियों के बीच पुलिस की विभिन्न प्रकरणों में टीम में संलग्नता चर्चा का विषय बनीं हुई है।अनुभाग स्तर के इस थाने में पुलिस बल की कमी होना सोचनीय विषय बना हुआ है।



## विशाल कलश यात्रा के साथ श्री विष्णु महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का श्री गणेश

**नवभारत/तेंदूखेड़ा।** इन दिनों संपूर्ण क्षेत्र में धार्मिक आयोजनों का क्रम जारी बना हुआ है।इसी श्रंखला के चलते समीपी ग्राम बंधी सर्रा में ग्राम वासियों के सहयोग से यहां पर विराजमान संत रामकृष्ण जी महाराज अयोध्या की प्रेरणा से पंचकुण्डात्मक श्री विष्णु महायज्ञ श्रीमद्भागवत साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ सप्ताह का श्री गणेश विशाल कलश यात्रा के साथ हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में गांव एवं आस पास क्षेत्रों की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थीं।14अप्रेल तक चलने वाले इस महायज्ञ के यज्ञाचार्य पं प्रमोद पचोरी कथा व्यास पं शिव ओम कृष्ण शास्त्री होंगे जो दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक भगवान की लीलाओं का गुणानुवाद करेंगे। आयोजन समीति ने सभी श्रद्धालुओं से उपस्थिति की अपील की है।

## जिले के ग्राम बोहानी में गन्ना अनुसंधान केन्द्र के प्रशासनिक भवन का लोकार्पण

**नवभारत/नरसिंहपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर में आयोजित नवाचार पर केन्द्रित कृषि मंथन कार्यक्रम बुधवार को सम्पन्न हुआ। उन्होंने जिले के ग्राम बोहानी में गन्ना अनुसंधान केन्द्र के 1.11 करो? रुपये की लागत से निर्मित प्रशासनिक भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर तेंदूखे?ा विधायक श्री विश्वनाथ सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य में लोकार्पण समारोह एवं जिला स्तरीय किसान सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन और राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के साथ हुआ। ग्राम बोहानी में आयोजित कार्यक्रम में कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर में आयोजित नवाचार पर



केन्द्रित कृषि मंथन कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया, जिसमें मौजूद अतिथियों, किसानों और नागरिकों ने देखा एवं सुना। विधायक श्री पटेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज का यह अवसर अत्यंत गौरव और हर्ष का क्षण है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा गन्ना अनुसंधान केंद्र बोहानी के प्रशासनिक भवन का लोकार्पण हम सभी के लिए एक बड़ी सौगात है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त किया। विधायक श्री पटेल ने कहा कि यह केवल एक भवन नहीं है, बल्कि किसान भाइयों के उज्जवल भविष्य का आधार है। गन्ना अनुसंधान केंद्र के माध्यम से किसानों को उन्नत बीज, नई तकनीक और वैज्ञानिक मार्गदर्शन मिलेगा, जिससे उनकी फसल की पैदावार बढ़ेगी और आय में वृद्धि होगी। इससे न केवल हमारे क्षेत्र की कृषि मजबूत होगी, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। सरकार निरंतर किसानों के हित में कार्य कर रही है और गांव, गरीब व किसान को सशक्त बनाने का कार्य कर रही है। इस अवसर पर पूर्व विधायक भैयाराम पटेल, जिला पंचायत सदस्य धनंजय पटेल, राव वीरेंद्र सिंह, रमाकांत शर्मा, शिवदयाल खेरोनिया, राहुल कौरव, रामकुमार ठाकुर, हरिप्रताप ममार सहित अन्य जनप्रतिनिधि, एसडीएम गाडरवारा कलावती व्यारे, अन्य अधिकारी, किसान और गणमान्य नागरिक मौजूद थे।



## महिला मंडल ने की नये बस स्टैंड पर प्याऊ की व्यवस्था

**नवभारत/ तेंदूखेडा।** विगत दिवस नये बस स्टैंड पर श्री पार्श्वनाथ जैन मिलन महिला शाखा द्वारा शुद्ध स्वच्छ शीतल पेयजल प्याऊ का शुभारंभ जैन मिलन महिला शाखा की अध्यक्ष अरुणा जैन कोषाध्यक्ष प्रीति मोदी,सचिव अर्चना स्वदेशी एवं महिला मंडल की सभी सदस्यों डॉ प्रकाश जैन पंडित कमल कुमार शास्त्री तथा सर्वोदय महिला महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ किरणप्रभा जैन की उपस्थिति में किया गया । जैन मिलन महिला शाखा की सेवा भावी कार्यों की उपस्थिति वर्गों द्वारा सराहना की गई।इस अवसर पर जैन महिला मिलन की श्रद्धा जैन मुक्ता स्वदेशी मनीषा जैन कल्पना स्वदेशी पूर्ति जैन विद्या जैन सुनीता जैन मीनू जैन राजश्री जैन अंजना अहिंसा प्रिया जैन के साथ साथ सभी सदस्यायें उपस्थित रहीं।

### एक नजर में



## सड़क पर सड़ रही मृत गाय, फैल रही दुर्गंध और बीमारी का खतरा

**नवभारत/ गोटेगांव।** ग्राम पंचायत के वार्ड 3 और 4 के संगम स्थल, नहर तिगड्डा बस स्टैंड मार्ग पर पिछले दो दिनों से एक गाय का शव लावारिस हालत में पड़ा हुआ है। स्थानीय निवासी प्रदीप सिंगोटिया, हजू कोरी और अन्य ग्रामीणों ने बताया कि गाय की मृत्यु रविवार सुबह हुई थी, जिसकी सूचना तत्काल पंचायत प्रशासन को दी गई थी। इसके बावजूद अब तक शव को हटाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। भीषण गर्मी के कारण मृत गाय का शव अब सड़क पर ही सड़ने लगा है, जिससे उठ रही असहनीय दुर्गंध ने राहगीरों और आसपास के रहवासियों का जीना मुहाल कर दिया है। ग्रामीणों को डर है कि यदि समय रहते सफाई नहीं कराई गई, तो क्षेत्र में संक्रमण और गंभीर बीमारियां फैल सकती हैं। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि पंचायत की इस उदासीनता को खत्म कर तुरंत मृत पशु को वहां से उठवाया जाए ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

## समाजसेवी और वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्रकुमार केटले का हुआ देवलोक गमन



**नवभारत/ गोटेगांव** विगत दिवस नगर के प्रतिष्ठित नागरिक समाजसेवी वरिष्ठ पत्रकार न्यूज एजेंसी के संचालक गोविंदप्रताप नरेंद्र प्रताप केटले के भ्राताश्री श्री राजेंद्रकुमार केंटले (राजूभाई) का लगभग 62 वर्ष की आयु में अचानक हृदय गति रुक जाने की वजह से देवलोक गमन हो गया है, आप सहन सरल मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे, आपके देवलोक गमन का समाचार प्राप्त होतेही परिवारजनों व शुभचिंतकों में गहरा शोक व्याप्त हो गया, अंतिम संस्कार शवयात्रा में सभी वर्ग समुदाय के लोगों सहित विभिन्न राजनैतिक सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों के जनप्रति निधियों व पत्रकार बंधुओ ने मुक्तिधाम में बड़ी संख्या में शामिल होकर दाह संस्कार करने के उपरांत उपस्थितजनों ने श्री केटले जी की दिवंगत आत्मा की शांति हेतु अनुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संतृप्त परिवार जनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त कर शोकाकुल परिवार जनों को इस गहन दुख सहन करने हेतु परमपिता परमात्मा से प्रार्थना की।

## छात्र-छात्राओं का विद्यालय में मुस्कुराते चेहरों के साथ आगमन

**नवभारत/करेली।** नगर की शिक्षण संस्था कार्मेल विद्यालय, करेली में दिनाँक 06 अप्रैल को नवीन शिक्षण सत्र का शुभारंभ हुआ। वार्षिक परीक्षा परिणाम के पश्चात छात्र-छात्राओं का विद्यालय में मुस्कुराते चेहरों के साथ आगमन हुआ। इस अवसर पर शिक्षक-शिक्षिकाओं ने तिलक लगाकर विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत किया। इसी दिन विद्यालय के प्राचार्य फादर केल्विन का जन्मदिवस मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने समूहगान,समूह नृत्य एवं कविता पाठ के माध्यम से प्राचार्य को जन्मदिन को यादगार बनाना गया। संस्था प्रबंधक डॉ. फादर जॉनसन ने अपने उद्बोधन में प्राचार्य की कर्तव्यनिष्ठा, मेहनत और विद्यालय के प्रति समर्पण की सराहना की। शिक्षिका कल्पना सोनाकिया ने प्राचार्य की दूरदर्शी सोच और मार्गदर्शन की प्रशंसा करते की गई।



## एनसीसी ऑफिसर सुधीर राजपूत को मिली पदोन्नति, कर्नल नितिन शर्मा ने प्रदान की रैंक

**नवभारत/ गोटेगांव।** मध्यप्रदेश के नरसिंहपुर जिले के लिए यह अत्यंत गौरव का क्षण है जब नगर के श्री देव मुरलीधर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के एनसीसी ऑफिसर सुधीर राजपूत को भारत रक्षा मंत्रालय द्वारा पदोन्नति प्रदान की गई है। 1 एमपी बटालियन जबलपुर के कर्नल नितिन शर्मा ने विद्यालय आगमन के दौरान सुधीर राजपूत को फर्स्ट ऑफिसर की रैंक प्रदान कर सम्मानित किया। इस विशेष उपलब्धि पर कर्नल शर्मा के साथ आए एसएम नारायण दास और ट्रेनिंग एनसीओ ललित सिंह ने भी उन्हें शुभकामनाएं दीं। रक्षा मंत्रालय द्वारा मिली इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी और पदोन्नति पर विद्यालय के अध्यक्ष पंकज जैन, प्राचार्य शिवशंकर पाठक एवं उप प्राचार्य संदीप जैन सहित समस्त स्टाफ और कैडेट्स ने हर्ष व्यक्त किया है। सभी ने सुधीर राजपूत के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनकी इस उपलब्धि से न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है। इस गरिमामय अवसर पर ब?ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे जिन्होंने अपने एनसीसी ऑफिसर का उत्साहवर्धन किया।

## मंदिर की जमीन पर कब्जा कर अवैध सागौन से फर्नीचर निर्माण

- पुजारी पर मामला दर्ज
- वन विभाग ने जब्त किए दरवाजे और सागौन के लट्ठे




**नवभारत/करेली।** बरमान खुर्द स्थित श्री देव विश्वकर्मा मंदिर परिसर में अवैध सागौन लकड़ी के उपयोग के मामले में वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करके मंदिर के पुजारी के खिलाफ वन अपराध दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि पुजारी द्वारा मंदिर समिति को बिना सूचना दिए मंदिर परिसर की भूमि पर कब्जा कर सागौन की लकड़ी से दरवाजे, चौखट और फर्नीचर तैयार कराया जा रहा था। जानकारी के अनुसार जब इस गतिविधि की जानकारी मंदिर समिति को लगी तो समिति के सदस्यों ने नरसिंहपुर पहुंचकर कलेक्टर एवं तहसीलदार के नाम शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर वन विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मंदिर परिसर में जांच कर कार्रवाई की। वन मंडल अधिकारी नरसिंहपुर के निर्देशन एवं उप वनमंडल अधिकारी गाडरवारा के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र अधिकारी करेली द्वारा गठित विशेष टीम मौके पर पहुंची। जांच के दौरान पाया गया कि मंदिर परिसर में अवैध सागौन लकड़ी से दरवाजे, चौखट और फर्नीचर निर्माण का कार्य चल रहा था। वन विभाग की टीम को देखकर मंदिर का पुजारी और उसके दोनों बेटे मौके से फरार हो गए। वन विभाग की टीम ने मौके से सागौन के दो दरवाजे, फ्रेम तथा 20 नग सागौन के लट्ठे, कुल 0.383 घन मीटर लकड़ी जप्त की। इस मामले में मंदिर के पुजारी देवकीनंदन पटोलिया के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण क्रमांक 32518/17, दिनांक 07 अप्रैल 2026 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित हुई रोगी कल्याण समिति की बैठक

### बैठक में विभिन्न प्रस्ताव सर्वसहमति से हुए पारित


**नवभारत/ नरसिंहपुर।** कलेक्टर रजनी सिंह की अध्यक्षता और विधायक तेंदूखेड़ा विश्वनाथ सिंह पटेल की विशेष मौजूदगी में रोगी कल्याण समिति की बैठक जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में बुधवार को सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वसहमति से विभिन्न प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में जिला चिकित्सालय में स्थापित 2 नग लिफ्ट के रखरखाव के लिए एमएसी, लेबर रूम के लिए एक नग एयर प्यूरीफायर क्रय करने और ब्लड बैंक में संचालित उपकरणों के लिए अनुमानित 2 लाख रुपये की लागत से 50 केव्हीए का स्टेबलाइजर क्रय करने के लिए प्रस्ताव अनुमोदित किए गए। इसी प्रकार बैठक में जिला चिकित्सालय के वार्डों के लिए 4 नग मल्टी पैरामीटर मॉनिटर क्रय करने, मॉर्चुरी एवं पीएम हाउस का अपग्रेडेशन कराए जाने, एक नग पुराने डीप फ्रीजर की रिपेयरिंग व 2 लाख रुपये की अनुमानित लागत के नया एक नग डीप फ्रीजर क्रय करने और विभिन्न वार्डों के लिए 15 नग कूलर व 30 नग पंखे क्रय किए जाने के लिए प्रस्ताव अनुमोदित किए गए। राज्य मद से आवंटन प्राप्त न होने पर आयुष्मान मद से रोगी कल्याण समिति के माध्यम से आवश्यकता अनुसार स्टेशनरी सामग्री प्रतिमाह लगभग 70 रुपये तक की सीमा में क्रय करने के लिए अनुमोदित किया गया। जिला चिकित्सालय के शॉपिंग कॉम्पलेक्स की दुकान नंबर 3 श्री विजय कुमार नेमा और शॉपिंग कॉम्पलेक्स की दुकान नंबर 4 कु. नेहा जैन के द्वारा मासिक किराया जमा नहीं किया जा रहा है। इस पर अनेकों बार संबंधित को नोटिस जारी करने के बाद भी बकाया किराया राशि जमा नहीं की जा रही है।



### बैठक

इस पर कलेक्टर ने अनुविभागीय राजस्व अधिकारी नरसिंहपुर के माध्यम से दुकान को रिक्त कराए जाने के निर्देश दिए। बैठक में माह अक्टूबर 2025 से माह मार्च 2026 तक का आय-व्यय अनुमोदित किया गया। साथ ही जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर परिसर में 10 बिस्तरीय नशामुक्ति केन्द्र स्थापित किए जाने के लिए स्थल चयन करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष कुमार मिश्रा, सिविल सर्जन डॉ. राजकुमार चौधरी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जीपी भनारिया, डॉ. राहुल नेमा, डॉ. प्रियंका नेमा, डॉ. स्वाति मीणा, समाज सेवी राकेश जैन, दानदाता सौरभ शंकर दुबे सहित अन्य चिकित्सा अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

## एनसीईआरटी दरकिनार, महंगी पुस्तकों का बोझ अभिभावकों पर




**नवभारत/ गोटेगांव।** गोटेगांव क्षेत्र में शिक्षा अब सेवा के बजाय एक संगठित व्यापार का रूप लेती जा रही है। नगर के कई निजी स्कूल अपनी मनमानी के चलते निजी पब्लिशर्स की महंगी पुस्तकें चला रहे हैं। आरोप है कि इन पुस्तकों के माध्यम से स्कूल प्रबंधन लाखों रुपये का कमीशन कमा रहे हैं। बोर्ड कक्षाओं को छो?कर अन्य ज्यादातर कक्षाओं से एनसीईआरटी की पुस्तकें गायब हैं और निजी पब्लिशर्स का कब्जा बना हुआ है, जिससे मध्यम और निम्न वर्गीय अभिभावकों पर आर्थिक बोझ ब? रहा है। कमीशनखोरी के इस मक?जाल में उलझे अभिभावक खुद को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। स्कूल प्रबंधन जबरन महंगी किताबों को थोप रहा है, जिससे वे मालामाल हो रहे हैं और अभिभावक परेशान। इस गंभीर मुद्दे पर प्रशासन का रवैया अब तक ढुलमुल बना हुआ है। स्थानीय स्तर पर अब तक किसी भी बड़े निजी स्कूल पर ठोस कार्रवाई न होने से उनके हौसले बुलंद हैं और वे नियमों को ताक पर रखकर अपनी मनमानी चला रहे हैं। अभिभावकों और स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि गोटेगांव के निजी स्कूलों की बुक लिस्ट और उनकी कीमतों की औचक जांच की जाए। साथ ही एनसीईआरटी की पुस्तकों को अनिवार्य रूप से लागू करवाया जाए। नागरिकों का कहना है कि नियम विरुद्ध कार्य करने वाले और मनमानी करने वाले स्कूलों की मान्यता रद्द की जानी चाहिए ताकि शिक्षा के नाम पर हो रही इस लूट पर लगाम लग सके। अब देखना यह है कि प्रशासन इस दिशा में क्या ठोस कदम उठाता है।